>

Title: Need to accord approval to the proposal of electrification under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Gwalior, Madhya Pradesh.

**श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर):** ग्वालियर जिले की तहसील मुरार, घाटीगांव, भितरवार एवं डबरा के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को हो रही विद्युत समस्या के निराकरण हेतु इन क्षेत्रों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में सम्मिलित किए जाने हेतु मेरे पूर्व में पत्रों द्वारा एवं समय-समय पर मंत्री जी समक्ष भेंट कर अनुरोध किया गया था।

मेरे पत्रों के तारतम्य में संबंधित माननीय मंत्री जी के पत्र दिनांक 16.12.10 एवं 25.04.11 द्वारा यह अवगत कराया थ कि 11वीं योजनावधि में आरजीजीवीवाई के चरण-2 के अंतर्गत ग्वालियर जिले को सम्मिलित किए जाने हेतु विचारार्थ शामिल किया जा सकता है।

ऊर्जा मंत्रालय, केन्द्र सरकार के निर्देश पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जून, 2011 के प्रथम सप्ताह में ग्वालियर, भिण्ड, भोपाल, होशंगाबाद, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, बड़वानी, बुरहानपुर, देवास खंडवा, खरगोन, मंदसोर, नीमच और शाजापुर को राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत सम्मिलित करते हुए रु. 964/-करोड़ के संशोधित प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेज गए हैं।

ग्वालियर जिले के समीपवर्ती जिला शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर को पूर्व में ही इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित करके विद्युतीकरण का कार्य लगभग पूर्ण होने को है, परन्तु इस योजना में अभी तक ग्वालियर को सम्मिलित नहीं किया गया है।

ग्वालियर जिले के लंबित प्रस्ताव को प्राथमिकता पर शीघ्र स्वीकृत किए जाने हेतु आग्रह है ताकि ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों की विद्युत समस्या का निराकरण हो सके।